'समानो मन्त्रः समितिः समानी'

UNIVERSITY OF NORTH BENGAL

B.A. Honours 2nd Semester Examination, 2023

CC4-HINDI (204)

आधुनिक हिन्दी कविता (छायावाद तक)

Time Allotted: 2 Hours   Full Marks: 60

The figures in the margin indicate full marks.

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए — 3×4 = 12

(क) निराला के तीन काव्य संग्रहों के नाम लिखिए।

(ख) पंत जी को 'लोकायतन' तथा 'कला और बूढ़ा चाँद' पर कौन कौन सा पुरस्कार मिला था ?

(ग) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' जी ने 'प्रियप्रवास' के अंतिम सर्ग में क्या दिखाने का प्रयत्न किया है ?

(घ) 'मुक्त छंद' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ङ) महादेवी वर्मा के तीन काव्य संग्रहों के नाम लिखिए।

(च) 'पेशोला की प्रतिध्वनि' किसकी रचना है और इसका प्रकाशन वर्ष क्या है ?

2. निम्नलिखित पद्यांशो में से किन्हीं चार की सप्रसंग व्याख्या कीजिए — 6×4 = 24

(क) लंका पदतल-शतदल
गर्जितोर्मि सागर-जल
धोता शुचि चरण-युगल
स्तव कर बहु अर्थ भरे !

(ख) एक दिन मोहन प्रभात ही पधारे, उन्हें
देख फूल उठे हाथ-पांव उपवन के
खोल-खोल द्वार फूल घर से निकल आए,
देख के लुटाए निज कोष सुबरन के।

(ग) चढ़कर मेरे जीवन-रथ पर,
प्रलय चल रहा अपने पथ,
मैंने निज दुर्बल पद-बल पर
उससे हारी-होड़ लगाई ।

(घ) वह फूली बेला की बन
जिसमें न नाल, दल, कुड्मल,
केवल विकास चिर-निर्मल
जिसमें डूबे दश दिशि-दल।

(ङ) जब तक लौटे दिन की हलचल,
तब तक यह जागेगा प्रतिफल,
रेखाओं में भर आभा जल
दूत सांझ का इसे प्रभाती तक चलने दो !

(च) कौन लेगा भार यह ?
जीवित है कौन ?
साँस चलती है किसकी
कहता है कौन ऊँची छाती कर, मैं हूँ-
मैं हूँ- मेवाड़ में।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए — 12×2 = 24

(क) भारतेन्दु हरिश्चंद्र की कविताओं में निहित व्यंग्य पर सोदाहरण विचार कीजिए।

(ख) सुमित्रानंदन पंत के काव्य में अभिव्यक्त प्रकृति सौंदर्य पर प्रकाश डालिए।

(ग) महादेवी वर्मा के काव्य में नारी चेतना को व्यक्त कीजिए।

(घ) रामनरेश त्रिपाठी की काव्य-कला पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

——×——